एस.एम.एस. अस्पताल में वाहन पार्किंग की अवैध वसूली करवा रहा प्रशासन?

मरीजों से दुगुना पार्किंग शुल्क वसूल रहे पार्किंग का जिम्मा संभाल रहे प्राइवेट कर्मचारी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । सवाई मानसिंह अस्पताल प्रशासन ने जब से अपने हॉस्पिटल की वाहन पार्किंग का जिम्मा खुद संभाला है, तब से यहां अवैध वसूली के मामले सामने आ रहे हैं। हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों से वाहन खड़े करने की एवज में कर्मचारी दुगुना शुल्क वसूल रहे हैं। ऐसे में अस्पताल प्रशासन के इंतजामों पर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि हॉस्पिटल में प्रतिदिन करीब 50 हजार रु. की अवैध वसूली हो रही है।

दरअसल एस.एम.एस. अस्पताल के मुख्य भवन और धनवंतरी ओपीडी की भूमिगत पार्किंग का संचालन गत 2 वर्षों से जे.बी.जे. कंपनी कर रही थी। गत 21 नंवबर को सवाई मानसिंह अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने इस कंपनी

- **टैंडर प्रक्रिया पर कोर्ट स्टे के बावजूद एस.एम.एस. अस्पताल प्रशासन ने पिछले दो सालों से पार्किंग का संचालन कर रही जेबीजे कंपनी का ठेका रद्द किया**
- **एस.एम.एस. अस्पताल प्रशासन का कहना है कि गत 22 नवंबर से पार्किंग का संचालन हम कर रहे हैं। कुछ निजी व्यक्ति ''हायर'' किए हैं, लेकिन सुरक्षा गार्ड सरकारी तैनात हैं।**

को पत्र लिखकर यह कहते हुए ठेका निरस्त कर दिया कि, अब इस पार्किंग को एस.एम.एस. अस्पताल प्रशासन के स्तर पर संचालित किया जायेगा। अधीक्षक सुशील भाटी के इस पत्र के बाद 22 नवंबर को जे.बी.जे. कंपनी ने पार्किंग का जिम्मा अस्पताल प्रशासन को सौंप दिया।







मजेदार बात यह है कि हॉस्पिटल प्रशासन ने पार्किंग का संचालन अगले ही दिन प्राइवेट लोगों को सौंप दिया, वह अब मरीजों और उनके परिजनों से तय पार्किंग शुल्क से दुगुनी राशि वसूली करने में जुटे हैं। उनके द्वारा लिए गए शुल्क की कुछ पर्चियां भी सामने आई है। मजेदार बात यह है कि पार्किंग शुल्क की ''अवैध वसूली'' का यह पूरा खेल कच्ची पर्चियों पर खेला जा रहा है।

सूत्रों की मानें तो सवाई मानसिंह अस्पताल प्रशासन ने मरीजों और उनकी परिजनों के लिए वाहन पार्किंग शुल्क दुपहिया वाहनों के लिए 10 और चौपहिया वाहनों के लिए 20 रुपये शुरूआती 10 घंटों के लिए तय कर रखे हैं। परंतु अस्पताल में पार्किंग का जिम्मा संभाल रहे प्राइवेट व्यक्ति आमजन से दुगुनी शुल्क राशि क्रमश : 20 और 40 रुपये वसूल रहे हैं।

हालात ऐसे हैं कि अस्पताल प्रशासन ने ना तो कम्प्यूटर जनित पर्चियों के लिए पॉस मशीनें दे रही है और ना ही निर्धारित शुल्क राशि के कोई बोर्ड पार्किंग स्थल पर लगा रखे हैं। इस वजह से आमजन को मजबूरन दुगुना शुल्क चुकाना पड़ रहा है।

सूत्रों की मानें तो सवाई मानसिंह अस्पताल की दोनों पार्किंग में प्रतिदिन करीब 500 चौपहिया और 1500 दुपहिया वाहन पार्क किए जाते हैं। इसमें से 300 चौपहिया और 500 दुपहिया वाहन अस्पताल प्रशासन के लिए नि:शुल्क पार्किंग शामिल है। शेष वाहन मालिकों से प्रतिदिन करीब 50 हजार रुपये तक की अवैध वसूली की जाती है।

सवाई मानसिंह अस्पताल प्रशासन ने ''प्राइवेट लोगों'' को पार्किंग का संचालन तो सौंप दिया, लेकिन वह कितनी राशि अस्पताल प्रशासन को जमा करवाएंगे, यह तय नहीं किया है। जबकि इससे पहले जे.बी.जे. कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष करीब 1 करोड़ रु. अस्पताल प्रशासन को जमा करवाये जाते थे। तीन वर्ष पूर्व यह दोनों ठेके 75 लाख रु. में इस कंपनी को दिए गए थे, सालाना 10 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ यह राशि बढ़कर 1 करोड़ रु. पहुंच गई थी।

बताया जा रहा है कि शुरूआती 10 घंटे के लिए एसएमएस अस्पताल की इस पार्किंग में साईकिल के लिए पांच रु., बाइक-स्कूटर के लिए 10 रु. और चौपहिया वाहन के 20 रुपये तय है। इसके अलावा 24 घंटे के लिए साईकिल के लिए 10, बाइक-स्कूटर के लिए 20 और चौपहिया वाहन के लिए 40 रुपये तय है।

इनका कहना है....

> **एसएमएस अस्पताल के मुख्य भवन और धनवंतरी ओ.पी.डी. की भूमिगत पार्किंग का ठेका खत्म हो गया है। टैंडर प्रक्रिया पर कोर्ट स्टे है, इसलिए हॉस्पिटल प्रशासन स्वयं इस पार्किंग का संचालन कर रहा है। हमने कुछ ''प्राइवेट लोगों'' को हायर किया है, जबकि सिक्यूरिटी गार्ड अस्पताल के लगा रखे हैं। टैंडर प्रक्रिया भी जल्द पूरी कर लेंगे।**
>
> सुशील भाटी, अधीक्षक
> एस.एम.एस. अस्पताल

> **सवाई मानसिंह अस्पताल की पार्किंग के टैंडर प्रक्रिया पर कोर्ट का स्टे हैं, मामला अदालत में विचाराधीन है। ऐसे में अस्पताल प्रशासन जे.बी.जे. कंपनी को हटाकर दूसरे प्राइवेट लोगों को पार्किंग संचालन नहीं सौंप सकता, यह गलत है। आर.टी.पी.पी. एक्ट के मुताबिक भी टैंडर प्रक्रिया के बिना सरकारी पार्किंग निजी लोगों को नहीं सौंपी जा सकती।**
>
> विक्रम चौधरी, पार्किंग संचालक
> जे.बी.जे. कंपनी प्रा. लि.

लुटेरी दुल्हन शादी के 5 दिन बाद घर से जेवर-नकदी लेकर फरार

जयपुर । शिवदासपुरा थाना इलाके में एक लुटेरी दुल्हन शादी के पांच दिन बाद ही घर से सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी लेकर भागने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि शादी करवाने की एवज में ढाई लाख रुपए दूल्हे के परिवार से लिए गए थे। इसके बाद शादी के पांच दिन सुसराल में रहने के दौरान सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी अलमारी से निकाल लुटेरी दुल्हन फरार हो गई। इस संबंध में थाने में पीड़ित दूल्हे ने लुटेरी दुल्हन सहित उसकी गैंग के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि बिलवा शिवदासपुरा निवासी 39 वर्षीय दूल्हे ने मामला दर्ज करवाया है कि आरोपी परिचितों ने घर मिलने आने पर उसकी शादी करवाने का ऑफर रखा। घरवालों ने शादी की जल्दी होने के कारण बातचीत करवाने के लिए कहा। दोनों परिचित आरोपियों ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जानकारी की लड़की

- **पीड़ित दूल्हे ने लुटेरी दुल्हन समेत उसकी गैंग के खिलाफ मामला दर्ज करवाया**

होना बताया। लडकी की फोटो दिखाकर उसे व घरवालों को अपनी बातों में फंसाया। फोटो देखने पर लड़की अच्छी लगने पर बातचीत करने के लिए आने-जाने का खर्च बताकर पन्द्रह हजार रुपए ले लिए।

कुछ दिन बाद घर आकर बताया कि रोशनी के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। उसके भईया-भाभी प्रताड़ित करते हैं। इस कारण वह अपनी बड़ी बहन के साथ रहती है। बीए पास घरेलू लड़की है और मोबाइल-फेसबुक से दूर रहती है। शादी का पूरा खर्च लड़के वालों को उठाने पर रिश्ता तय होना बताया है। शादी के एवज में 2.50 लाख रुपए का खर्च होना बताकर देने की मांग की। रुपए देना तय होने पर 9 अक्टूबर को शादी होना तय हो गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक मंदिर में 9 अक्टूबर को दोनों की शादी करवाई गई। दस्तावेज पर लिखा-पढ़ी कर अगले दिन 10 अक्टूबर को दुल्हन को लेकर ससुराल आ गए। ससुराल में रहने के दौरान बहाने बनाकर पति से 35 हजार का मंगलसूत्र खरीदवाया।

पति से दूरी बनाए रखने के दौरान नजर बचाकर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और दस हजार रुपए नकदी निकाल लिए। 15 अक्टूबर को दूल्हे के नौकरी पर जाने के दौरान सास को गुमराह का घर से बाहर निकल गई। वापस घर नहीं लौटने पर परिजनों के काफी ढूंढने पर भी उसका पता नहीं चला। अलमारी खोलकर देखने पर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी गायब मिलने पर लुटेरी दुल्हन के फरार होने का पता चला। शादी करवाने वालों को संपर्क करने पर पहले टालमटोल के बाद धमकाने लगे। पीड़ित दूल्हे ने कोर्ट के जरिए थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

छत से गिरने से मजदूर की मौत

जयपुर । भट्टा बस्ती इलाके में काम करने समय अनियंत्रित होकर छत से गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि मेजर शैतान सिंह कॉलोनी भट्टा बस्ती में एक मकान का काम चल रहा है। 20 नवम्बर को छत पर काम करते समय एक मजदूर अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। गंभीर घायल होने पर स्थानीय लोगों ने उसे एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टर ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

सार-समाचार

''फुलचिड़ी'' कार्यक्रम में झूमी महिलाएं

जयपुर । गणगौर महिला ग्रुप की ओर से आयोजित फुलचिड़ी कार्यक्रम में महिलाओं ने राजस्थानी लोकगीत और लोकधुनों पर जमकर नृत्य किया। ग्रुप की फाउंडर और डायरेक्टर सुशीला भारती ने बताया कि कार्यक्रम में सभी महिलाएँ पारंपरिक रंग बिरंगी पोशाक में नजर आई। सभी महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाई और विशेष राजस्थानी शृंगार किया। इठलाती हुई महिलाओं ने जब मंच पर नृत्य किया तो राजस्थानी संस्कृति साकार हो उठी। कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं को कला रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गणगौर महिला ग्रुप समय समय पर ऐसे कार्यक्रम करता रहता है ताकि घरेलू और काम-काजी महिलाओं को अपना हुनर दिखाने के लिए मंच मिल सके। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य राजस्थानी कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देना है जो हमारे समाज से धीरे धीरे लुप्त होती जा रही है।

शिव दयाल वधवा बने सांगानेर अध्यक्ष

जयपुर । ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल हांडा ने राजस्थान के श्रीगंगानगर जिला युवा अध्यक्ष अधिवक्ता तरुण अरोड़ा की अनुशंसा पर शिव दयाल वधवा को सांगानेर विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। इसके साथ ही उन्हें कम्युनिटी के राष्ट्रीय नेतृत्व, जयपुर शहरी (1) जिला अध्यक्ष तथा सांगानेर विधानसभा के सक्रिय व वरिष्ठ सदस्यों से सलाह करके सांगानेर क्षेत्र में युवा, महिला विधानसभा अध्यक्षों एवं कार्यकारिणियों के गठन की जिम्मेदारी भी दी गई है। नवनियुक्त अध्यक्ष वधवा ने संगठन की इस जिम्मेदारी पर राष्ट्रीय पदाधिकारियों का आभार जताते हुए विश्वास दिलाया कि जो भरोसा उन्होंने मुझ पर जताया है उस भरोसे को टूटने नहीं दूंगा और उम्मीद से बेहतर कार्य करके दिखाऊंगा।

साढ़े 5 बीघा जमीन से हटाया अतिक्रमश



जयपुर । जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने दिल्ली रोड स्थित ग्राम गुणवत्ता में करीब 5.5 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि से अवैध कब्जा और अतिक्रमण हटाया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम गुणवत्ता, में बी.एस.एफ. केम्प के पास, जिला जयपुर के खसरा नं. 5 व 6/1828 में करीब 5.5 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर स्थानीय काश्तकारों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर ग्रेवल-सड़क डालकर, सीमेन्ट के पिल्लर गाडकर, तारबंदी कर अवैध रूप से खेती की जाने की सूचना मिली थी। इस पर उपायुक्त जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया।

'बजट का 8.26 प्रतिशत चिकित्सा को'

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि चिकित्सा सेवा का क्षेत्र है तथा सेवा अर्थ से नहीं मन की शांति से जोड़ी जाती है। ऐसे में, चिकित्सकों द्वारा मानवता की सेवा का महती कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आशा व्यक्त की वे अपने चिकित्सकीय ज्ञान और कौशल को उपयोग समाज की बेहतरी के लिए करेंगे। शर्मा ने कहा कि हमने इस वर्ष के बजट में 27 हजार 660 करोड़ रुपये अर्थात बजट का 8.26 प्रतिशत हिस्सा केवल चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को समर्पित किया है। प्रदेशवासियों की सेहत हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शर्मा सोमवार को महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी के 7वें दीक्षांत एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मेडिकल की विभिन्न डिग्री प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अस्पताल में लोकार्पण हुए साइबर नाइफ एस7 और पैट स्कैन मशीन से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की जांच के लिए मरीजों को इसका फायदा मिलेगा। साथ ही, नवस्थापित हेमेटोलॉजी टॉवर में रक्त संबंधी रोगों के मरीजों को इलाज में सहायता मिलेगी।

आत्महत्या की धमकी देकर पति से 15 लाख रु. मांगे

जयपुर । मालपुरा गेट थाना इलाके में आत्महत्या करने की धमकी देकर एक महिला द्वारा ब्लैकमेल कर पति से लाखों रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 15 लाख रुपए की डिमांड की। मालपुरा गेट थाने में पीड़ित पति ने पत्नी व उसके परिवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि सांगानेर निवासी 28 वर्षीय युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि अप्रैल-2024 में उसकी शादी उत्तर प्रदेश निवासी 26 साल की युवती से हुई थी। शादी के बाद ससुराल आने के एक-दो दिन बाद ही पत्नी ने गृहक्लेश शुरू कर दिया। परिवारिक झगड़े करवाने के लिए एक-दूसरे को उकसाने लगी। अलग रहने के लिए पति पर दबाव बनाकर झगड़ने लगी। आरोप है कि आत्महत्या करने की धमकी देकर पति को ब्लैकमेल करने लगी। अपने घरवालों की जरूरतों के लिए रुपयों की डिमांड कर लेती रही। पीड़ित ने अपने घरवालों से शिकायत करने की कहने पर आत्महत्या कर सभी को जेल में बंद करवाने की धमकी देने लगी। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीहर भेजने के बाद भी धमकियां मिलती रही। झूठे दहेज केस में फंसाने की धमकी देकर 15 लाख रुपए की डिमांड करने लगे। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़ित ने कोर्ट से आदेश करवाकर थाने में मामला दर्ज करवाया।

बदमाशों ने दो कारों में आग लगाई

जयपुर । खोह नागोरियान थाना इलाके में रविवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने दो कारों को आग के हवाले कर दिया। कार के एसी का कंप्रेसर फटने पर लोग घरों से बाहर निकले। इससे पता चला कि आग में आग लगी हुई है। लोगों ने मिल कर आग को कंट्रोल किया। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। थानाधिकारी सुरेन्द्र ने बताया कि कार मालिक सागीर और उसका परिवार खोह नागोरियान थाना इलाके के ढेर की ढाणी इलाके में रहते हैं। रविवार रात को अज्ञात लोग कॉलोनी में घुसे। घर के बाहर खड़ी कार में पेट्रोल डाल कर आग लगा दिया। इस दौरान बदमाशों ने फैजान की कार को भी जलाया।

'विद्यालयों में सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करें'

जयपुर । जिला कलक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला निष्पादक समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने शिक्षा अधिकारियों को अपने क्षेत्राधिकार वाले राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करावें, साथ ही विद्यालयों में सरकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन पर भी फोकस करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को पीएम श्री स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने, विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था, टॉयलेट, पुस्तकालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये, साथ ही विद्यालयों के पुस्तकालयों में रखी पुस्तकों का वितरण विद्यार्थियों में करने एवं विद्यार्थियों से पुस्तक अध्ययन एवं रखरखाव के लिए प्रेरित करने के लिए भी निर्देशित किया। कलक्टर ने ज्ञान धरा अभियान के तहत भूमि विहीन विद्यालयों को जल्द से जल्द भूखंड एवं खेल मैदान की व्यवस्था करने एवं समस्त राजकीय विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया।

मानसरोवर पुलिस ने अवैध हथियारों का जखीरा पकड़ा

जयपुर (कासं)। मानसरोवर थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत अवैध हथियारों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार इंस्टाग्राम आईडी की मदद से अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त करता है और स्पा सेंटर में मारपीट व डकैती की वारदात में वांछित चल रहा था। इसके अलावा आरोपी पूर्व में भी अवैध हथियार के प्रकरण में गिरफ्तार हो चुका है।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी तस्कर हेमराज मध्य प्रदेश (एमपी) से हथियार लेकर आया था और उसे जयपुर में इसकी डिलीवरी करनी थी। डिलीवरी करने से पहले पुलिस टीम को अवैध हथियारों की जानकारी मिली। इस पर पुलिस टीम बिना समय गवाए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए

- **हथियार तस्कर हेमराज सौरोत भी पुलिस के हत्थे चढ़ा**

जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों का जखीरा जब्त कर हथियार तस्कर हेमराज सौरोत (20) निवासी खेरली जिला अलवर हाल बस्सी जयपुर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से सात पिस्टल मय मैगजीन, एक अतिरिक्त मैगजीन सहित आठ जिन्दा कारतूस बरामद की है। साथ ही आरोपी हेमराज सौरोत से अवैध हथियार के संबंध में गहन पूछताछ की गई तो सामने आया कि वह हथियार हब, हथियार क्लब नाम की इंस्टाग्राम आईडी से इंस्टाग्राम पर सम्पर्क कर मनावर,मध्य प्रदेश से खरीदना सामने आया है तथा सोशल मीडिया/इंस्टाग्राम के मार्फत ही खरीददार तैयार करना बताया है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ललित शर्मा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी हेमराज सौरोत एक शातिर अपराधी है। जो आजकल अवैध हथियारों की तस्करी करता है तथा मध्यप्रदेश से भारी मात्रा में ऑटोमेटिक पिस्टल खरीदकर ला रहा है। जयपूर शहर में बदमाशों से सम्पर्क कर हथियार सप्लाई देने का प्रयास कर रहा है। इस सूचना के आधार पर बदमाश हेमराज सौरोत की रैकी कर मुखबिर तैयार किये गए। फिर सूचना मिली कि आरोपित हेमराज सौरोत मध्यप्रदेश से भारी मात्रा में हथियार व कारतूस लेकर आया है।

जो थाना इलाके में किसी व्यक्ति को हथियार सप्लाई देगा। सूचना के आधार पर आस पास के इलाकों में सादा वस्त्रों में स्पेशल टीम के पुलिसकर्मी लगाये जाकर निगरानी की गई। जिस पर पुलिस ने आरोपी हेमराज सौरोत को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध हथियार बरामद एि गए है। पुलिस आरोपी से अवैध हथियार की खरीद फरोख्त के स्त्रोतों के संबंध पूछताछ करने मे जुटी है और साथ ही एक पुलिस टीम हथियार खरीद स्थल मुनावर (मध्यप्रदेश) भेजी गई है जो हथियार खरीद के स्त्रोतों के संबंध में जांच पड़ताल कर रही है।

भिक्षावृति में लिप्त लोगों को रोजगार और बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाए : कलेक्टर

भिक्षावृत्ति मुक्त जिला बनेगा जयपुर, अभियान के तहत होगा पुनर्वास : डॉ. जितेन्द्र सोनी

जयपुर (कासं)। कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर जिले को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के लिए विभागीय अधिकारी आपसी सहयोग एवं समन्वय से हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों का प्रभावी पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया ताकि ऐसे व्यक्ति भिक्षावृत्ति को छोड़कर अपने कौशल और मेहनत के दम पर सम्मानजनक जीवन शुरू करें।

कलेक्टर ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के पुनर्वास को

- **जयपुर की गौरवशाली छवि के साथ नहीं होगा किसी भी कीमत पर समझौता : सोनी**

लेकर बैठक ली। जयपुर में आगामी 9 दिसंबर से 11 दिसंबर तक राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट का आयोजन होगा। इस विश्व स्तरीय आयोजन में जयपुर की गौरवशाली परंपरा एवं छवि धूमिल ना हो इसके लिए भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों का जल्द से जल्द पुनर्वास सुनिश्चित किया जाएगा।

बैठक में पुलिस एवं यातायात पुलिस के अधिकारियों को भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों की सूचना जिला प्रशासन एवं मानव सेवा संस्थान जयपुर द्वारा संचालित हेल्पलाइन नम्बर

कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सोमवार को भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के पुनर्वास को लेकर बैठक ली।

9929902320 को देकर रेस्क्यू में सहयोग प्रदान करने साथ ही आपराधिक गतिविधियों में लिप्त भिखारियों एवं निर्धन व्यक्तियों के विरूद्ध निरोधात्मक एवं कठोर कानूनी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

वहीं, नगर निगम के अधिकारियों को चिन्हित पुनर्वास गृहों की साफ-सफाई, शौचालयों की मरम्मत, पुनर्वास गृहों में भिखारियों के लिए आधारभूत सेवाओं की व्यवस्था करने, चिन्हित पुनर्वास गृहों को श्नी अन्नपूर्णा रसोई योजना से लिंक करते हुए योजना के माध्यम से भिखारियों के लिए पर्याप्त मात्रा में भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ-साथ इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में पंजीकृत कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों का निशुल्क कोरोना, टी.बी., एच.आई.वी एवं अन्य जांच कर उपचार करने, चिन्हित पुनर्वास गृहों में चिकित्सा एवं जांच सुविधा उपलब्ध करने प्रत्येक पुनर्वास गृह को निकटतम राजकीय चिकित्सालय से जोड़ते हुए भिखारियों की जांच एवं उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों को भिक्षावृति में लिप्त बच्चों सूची बनाकर शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराना, विभाग द्वारा संचालित बाल गृहों, निराश्रित गृहों में प्रवेश दिलाकर षिक्षा के अधिकार के तहत शिक्षा से जोड़ने के लिए स्थानीय व्रिद्यालयों में प्रवेश दिलाने, बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर विभागीय गृहों में प्रवेश दिलवाने के निर्देश दिये गए। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को पुलिस एवं स्वयं सेवी संस्थाओं एवं अन्य विभागों से समन्वय एवं सामंजस्य स्थापित करने, स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से भिक्षावृति में लिप्त व्यक्तियों को सर्वे उपरान्त चिन्हित कर पात्रता अनुसार बाल गृह, महिला गृह, मानसिक विमंदित गृह, वृद्धाश्रम अथवा पुनर्वास गृह आदि में प्रवेश दिलाकर देखभाल करवाने, स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से भिक्षावृति में लिप्त चिन्हित व्यक्तियों के आधार कार्ड-जनाधार कार्ड आदि तैयार कर प्राथमिकता से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के लिए निर्देश दिये ।

कार में रखा रुपयों से भरा बैग चुराने वाला गिरफ्तार

जयपुर । आदर्श नगर थाना पुलिस ने कार से में रखे रुपयों से भरे चोरी करने के आरोप में दक्षिण दिल्ली की मद्रासी गैंग के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने चोरी के चार लाख रुपए बरामद किए है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि आदर्श नगर थाना पुलिस ने कार से में रखे रुपयों से भरे चोरी करने के मामले में आरोपित तिरुपति उर्फ सोनू (26) पुत्र तवंगल मदन गिरी अम्बेडकर नगर साउथ नई दिल्ली निवासी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी से पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि वो दिल्ली से पावर बाइक पर सवार होकर व्यवसायिक संस्थानों,शोरूमों व बैंक के आसपास रेकी करता और जो नकद रकम लेकर जाने वालों को चिन्हित कर उनका पीछा करता और लाल बत्ती या जाम में फंसे वाहन का टायर पंचर कर उसी वाहन के आगे चलता। जिसके बाद वाहन मालिक को टायर पंचर होने के बारे में जानकारी देता। जैसे ही कार रुकती, वैसे ही दूसरी साइड से रुपयों से भरा बैंग चोरी कर फरार हो जाता। गौरतलब है कि 16 नवंबर को परिवादी ने मामला दर्ज कराया था कि ट्रांसपोर्ट नगर से घाट गेट मार्ग पर गुरुद्वारा रोड के पास ट्रैफिक बत्ती पार करते समय ही पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने टायर पंचर होने की बात रुकवाया व बैग चुरा लिया।